कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,

पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005

PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005

Phone: 0512-2217957

Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-24/12/1/एम.टी.एस./1/2024-स्था. दिनांक-03-12-2024

<u>परिपत्र</u>

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2019, 2020 , 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची स्थापना शाखा-I, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर द्वारा पत्र सं. 21-ए-24/12/1/एम.टी.एस./1/2024-स्था. के माध्यम से जारी 'परिपत्र' दिनांक- 25.10.2024 द्वारा इस आशय के साथ परिचालित की गई थी कि क्रम सं. 01 से 69 तक के कार्मिकों के संदर्भ में विवरण के संबंध में तथा क्रम सं. 70 से 159 तक के कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि.14.11.2024 को सांय 05:00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें ।

उपरोक्त परिपत्र दिनांक-25.10.2024 के अनुक्रम में 06 कार्मिकों द्वारा अपना अभ्यावेदन/आपत्तियाँ प्रेषित की गई है। मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की वरिष्ठता सूची के संबंध में प्राप्त सभी अभ्यावेदनों/आपत्तियों का सावधानीपूर्वक विचार करने के उपरांत सक्षम अधिकारी द्वारा सभी अभ्यावेदनों/आपत्तियों को समसंख्यक आदेश दिनांक- 02.12.2024 द्वारा निस्तारित कर दिया गया है ।

समसंख्यक आदेश दिनांक- 02.12.2024 के क्र.सं. 01 में श्री अवनीत कुमार, एम.टी.एस. एवं 02 में श्री राज किशोर शाह, एम.टी.एस. से प्राप्त अभ्यावेदन/आपत्तियों के निस्तारण के संबंध में सक्षम अधिकारी के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2021 की संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस आशय के साथ परिचालित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालायाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल **anita.suresh@esic.nic.in** तथा **alokk.rai@esic.nic.in** पर **<u>दि. 09.12.2024</u> को सायं 05.00 बजे तक** इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा विलम्ब से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वरिष्ठता सूची को अंतिम मान लिया जाएगा ।

उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विवरण के संबंध में अभ्यावेदन/आपत्ति अग्रेषित करते समय संबंधित साक्ष्य (सेवा पुस्तिका/ कार्यालय आदेश की सत्यापित प्रति) संलग्न की जानी आवश्यक है ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची वेबसाइट **<u>www.esic.gov.in</u>** पर भी उपलब्ध है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Signed by Anita Suresh
Date: 03-12-2024 11:05:35

(अनिता सुरेश)

<u>उप निदेशक (स्थापना-I)</u>

<u>कृते अपर आयुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक</u>

प्रतिलिपिः-

1. क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय, के निजी सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।

2. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

6. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सहायक संवर्ग की संशोधित ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची की प्रति विषय “REVISED DRAFT SENIORITY LIST OF MULTI-TASKING STAFF POSTED IN U.P. REGION for Year 2021” के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।

7. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।